



# शहर की यातायात व्यवस्था को संजीवनी की दरकार

## इंदरगंज से हनुमान चौराहे तक एलिवेटेड रोड की उठी मांग

**संजीव कुमार शर्मा**
**ग्वालियर, 3 अप्रैल ।** शहर की सुस्त रफ्तार और रोजाना के दमघोंटू ट्रैफिक जाम से जूझ रहे ग्वालियरवासियों के लिए अब एक ही समाधान नजर आ रहा है— एलिवेटेड रोड का विस्तार। स्वर्ण रेखा नाले पर बन रहे एलिवेटेड रोड के बाद अब शहर के प्रबुद्ध नागरिकों और व्यापारियों ने इंदरगंज चौराहे से हनुमान चौराहे तक एक नए एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण की आवाज उठाई है।

### इस कदम से मिलेगी व्यस्त सड़कों पर रोजाना लग रहे जाम से निजात

**जाम का जंजाल, रेंगता है शहर का दिल :** ग्वालियर का मुख्य व्यापारिक केंद्र इंदरगंज, ऊंट पुल, पाटनकर चौराहा और नई सड़क वर्तमान में भारी यातायात के दबाव में है। संकरी सड़कें और बढ़ते वाहनों के कारण इस पूरे स्ट्रेच पर पैदल चलना भी दूभर हो गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि हाई कोर्ट रोड से अगस्त का ताजिया होते हुए हनुमान चौराहे तक यदि एलिवेटर रोड को जोड़ा जाता है, तो पुराने शहर की सूरत बदल सकती है।

**क्यों जरूरी है यह प्रोजेक्ट?**
**समय की बचत:** वर्तमान में इस 2-3 किमी के सफर में 30 से 45 मिनट का समय लगता है, जो एलिवेटेड रोड बनने पर मात्र 5 मिनट रह जाएगा।
**इमरजेंसी सेवाएं:** जाम के कारण अक्सर एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पाटनकर चौराहे और नई सड़क पर फंसी रहती हैं।
**व्यापार को गति:** लश्कर क्षेत्र के मुख्य बाजारों में ग्राहकों की पहुंच आसान होगी, जिससे व्यापार में बढ़ोतरी होगी।

### प्रस्तावित रूट जो बदल देगा तस्वीर

आमजन और विशेषज्ञों द्वारा सुझाया गया यह रूट सीधे शहर के सबसे व्यस्ततम बिंदुओं को आपस में जोड़ेगा। स्टार्ट पॉइंट : इंदरगंज चौराहा, प्रमुख पड़ाव : ऊंट पुल और पाटनकर चौराहा, एंड पॉइंट : नई सड़क होते हुए हनुमान चौराहा (यहाँ इसे स्वर्ण रेखा वाले एलिवेटर रोड से लिंक किया जा सकता है)।

### लोगों ने कहा...स्मार्ट सिटी के विजन में शामिल हो विस्तार



स्वर्ण रेखा पर एलिवेटेड रोड का काम सराहनीय है, लेकिन यदि इसे इंदरगंज और पाटनकर चौराहे जैसे घने क्षेत्रों से नहीं जोड़ा गया, तो मुख्य बाजारों का जाम कभी खत्म नहीं होगा। प्रशासन को इस दिशा में ठोस कार्ययोजना बनानी चाहिए।

**- अशोक पटसारिया**



यदि हाई कोर्ट रोड से हनुमान चौराहे तक का यह नया कॉरिडोर धरातल पर आता है, तो यह न केवल ट्रैफिक समस्या को जड़ से खत्म करेगा, बल्कि ग्वालियर को आधुनिक शहरों की कतार में सबसे आगे खड़ा कर देगा।

**- कामिनी**



ग्वालियर अब स्मार्ट सिटी की श्रेणी में तेजी से बढ़ रहा है। हम यहां से निकलते समय रोज परेशान होते हैं। घंटों जाम लगा रहता है। ऐसे में शहर के भीतर एक 'एलिवेटेड लूप' तैयार करना अनिवार्य हो गया है।

**- सौरभ दुबे**

# भीषण गर्मी में पक्षियों का सहारा बनी एनएसएस इकाई



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 3 अप्रैल।** ग्वालियर की झुलसाती गर्मी और बढ़ते तापमान के बीच बेजुबान पक्षियों को राहत देने के लिए श्रीमंत माधव राव सिंधिया शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय (मॉडल साइंस कॉलेज) की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने एक सराहनीय पहल की है। इकाई द्वारा 'दाना-पानी फॉर बर्ड्स' अभियान का आगाज़ किया गया है, जिसका उद्देश्य प्यासे और भूखे पक्षियों के लिए भोजन-पानी का प्रबंध करना है।

**परिसर में रखे गए मिट्टी के सकोरे :** अभियान के तहत स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर के विभिन्न पेड़ों और सुरक्षित स्थानों पर मिट्टी के पात्र (सकोरे) बांधे और उनमें दाना-पानी भरा। स्वयंसेवकों ने न केवल कॉलेज परिसर, बल्कि शहरवासियों से भी अपील की है कि वे अपनी छतों, बालकनी और आंगन में पक्षियों के लिए पानी भरकर रखें।

### मॉडल साइंस कॉलेज में शुरू हुआ 'दाना-पानी' अभियान

**संवेदनशीलता जगाने का प्रयास :** कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विशाल कदम ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्रों के भीतर प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता की भावना विकसित करना है। वहीं, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश छात्र ने सभी स्वयंसेवकों को निर्देशित किया कि वे अपने घरों के आसपास भी इस व्यवस्था को सुनिश्चित करें। आगामी दिनों में इस अभियान को अन्य सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर बड़े स्तर पर चलाने की रूपरेखा भी तैयार की गई है।

**युवाओं की अपील: एक सकोरा, पक्षियों का सहारा :** स्वयंसेवकों का कहना है कि यह एक छोटी सी कोशिश है, लेकिन भीषण गर्मी में यह कई पक्षियों का जीवन बचा सकती है। इस पुनीत कार्य में कैंपस एंबेसेडर हरिओम यादव, अमित, अंकित, नरेंद्र, दिव्यांशु, निखिल पांडेय, इच्छा, अमन, दिवाकर, मनीष, करन, मोहित, विश्वजीत, मानसी, निधी, रितु, कोमल और काजल सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल रहे।




# कोतवाली पुलिस ने दबोचा शातिर वाहन चोर



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 3 अप्रैल।** शहर में बढ़ रही वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली थाना पुलिस ने एक अंतरराज्यीय शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की 5 मोटरसाइकिलें, नंबर प्लेट्स और लॉक खोलने वाली मास्टर चाबी जब्त की है। 25 मार्च को फरियादी नीतेश सोलंकी की शिकायत पर दर्ज मामले में कोतवाली पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से महज 10 दिनों के भीतर आरोपी को सलाखों के पीछे भेज दिया। फिलहाल पुलिस आरोपी से अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

### 5 मोटरसाइकिलें और मास्टर चाबी बरामद

थाना प्रभारी कोतवाली उप निरीक्षक मोहिनी वर्मा की टीम को सूचना मिली कि एक व्यक्ति बिना नंबर की काले रंग की अपाचे बाइक बेचने की फिराक में गुप्तेश्वर मंदिर के पास खड़ा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर घेराबंदी की और भाग रहे आरोपी दीपा उर्फ दीपू यादव (25 वर्ष) निवासी कुलैथ को धर दबोचा।

पूछताछ में आरोपी ने कबूला कि वह मास्टर चाबी का उपयोग कर लॉक तोड़ता था और पलक झपकते ही वाहन पार कर देता था। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर ग्वालियर, शिवपुरी और मुरैना से चोरी की गई गाड़ियां बरामद की हैं।

पुलिस जांच में सामने आया है कि पकड़ा गया आरोपी एक आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ ग्वालियर के विभिन्न थानों (कम्पू, झांसी रोड, गिरवाई, पुरानी छावनी, महाराजपुरा, पड़ाव और तिघरा) में चोरी, नकबजनी और आर्म्स एक्ट के कुल 16 मामले पहले से दर्ज हैं।

# राजा बाक्षर बाबा के 100वें उर्स का हुआ आगाज



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 3 अप्रैल।** शहर के ऐतिहासिक दौलतगंज क्षेत्र स्थित श्री राजा बाक्षर मंदिर में आज गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर भक्ति और सेवा का अनूठा संगम देखने को मिला। इस अवसर पर क्षेत्र की पार्षद यामिनी नवीन परांडे द्वारा मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु नया वाटर कूलर लगवाया गया, जिसका विधिवत उद्घाटन मंदिर के महंत और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में हुआ।

### पार्षद यामिनी परांडे ने मंदिर में समर्पित किया वाटर कूलर

वरिष्ठ जन और युवा साथियों की उपस्थिति कार्यक्रम में क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक और भक्त मंडल के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्य गोपीनाथ चतुर्वेदी, पूर्व पार्षद बाबूलाल चौरसिया, हिरेंद्र सूर्यवंशी, अभिषेक चतुर्वेदी, धर्मेंद्र चतुर्वेदी, सुरेश पाल और राकेश पाल सहित कई वरिष्ठ एवं युवा साथी उपस्थित रहे। सभी ने राजा बाक्षर बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### भक्तों को मिली शीतल जल की सौगात

भीषण गर्मी की शुरुआत के साथ ही मंदिर आने वाले भक्तों को पेयजल की समस्या न हो, इसके लिए पार्षद यामिनी नवीन परांडे ने वाटर कूलर की व्यवस्था कराई। इसका उद्घाटन स्वयं पार्षद और मंदिर के महंत तरुण सूर्यवंशी महाराज द्वारा किया गया। इस दौरान उपस्थित भक्तों ने पार्षद की इस जनहितैषी पहल की सराहना की।

### 100वें उर्स महोत्सव का ऐतिहासिक आगाज़

वाटर कूलर के उद्घाटन के साथ ही श्री राजा बाक्षर बाबा के 100वें (शताब्दी) उर्स महोत्सव का भी भव्य आगाज हुआ। परंपरा अनुसार खम्भा स्तंभ (स्तम्भ स्थापना) की रस्म पूरी की गई। इस वर्ष का उर्स विशेष है क्योंकि यह अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण कर रहा है, जिसे लेकर भक्त मंडल में भारी उत्साह है।

# आईटीएम यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 3 अप्रैल।** आईटीएम यूनिवर्सिटी के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग और सिनेवर्स फिल्म क्लब द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय फि ल्म स्क्रीनिंग एवं फि ल्म एप्रिसिएशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में सिनेमा के प्रति गहन समझ विकसित करना, फिल्म समीक्षात्मक लेखन कौशल को सुदृढ़ करना और फिल्मों के विभिन्न आयामों से उन्हें परिचित कराना रहा। इस कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार से सम्मानित और फिल्म समीक्षक दीपक दुआ शामिल हुए। वहीं अध्यक्षता आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर मे वाइस चांसलर प्रो. डॉ. योगेश उपाध्याय ने की। इस अवसर पर पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागध्यक्ष डॉ. मनीष जैसल, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. निधि भंडारी, प्रोफेसर अरुण त्रिपाठी, अंकित कुमार, पीयूष चव्हाण, करण माते, शैलेश मिश्रा सहित विभिन्न प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### एक अच्छी फिल्म वही होती है जो दर्शकों के देखने के नजरिए को बदल दे : दीपक दुआ

कार्यशाला कोऑर्डिनेटर असिस्टेंट प्रोफेसर सेनाली सिंह और छात्र अमन प्रताप सिंह डांगी रहे। मंच संचालन संयोगिता मीणा द्वारा किया गया। वहीं अतिथि परिचय खुशी पाल द्वारा और सम्मान समारोह मृदुला शर्मा द्वारा संपन्न कराया गया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन अनुष्का तिवारी द्वारा प्रस्तुत किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. मनीष जैसल ने कहा कि इस कार्यशाला का आयोजन विशेष रूप से नई पीढ़ी के छात्र-छात्राओं को ध्यान में रखकर किया गया है, ताकि वे यह समझ सकें कि एक प्रभावी फिल्म समीक्षक कैसे बना जाता है। कार्यशाला के प्रथम दिवस फि ल्म स्क्रीनिंग सत्र का आयोजन किया गया। जहां एक समकालीन हिंदी फि ल्म, एक लोकप्रिय वेब श्रृंखला और छात्र-छात्राओं द्वारा निर्मित लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को सिनेमा के विभिन्न पहलुओं-जैसे कहानी, निर्देशन, अभिनय, तकनीकी पक्ष और सामाजिक संदर्भ-को समझने का अवसर मिला।

मुख्य वक्ता और राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार से सम्मानित दीपक दुआ ने फि ल्म समीक्षा और फि ल्म एप्रिसिएशन के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में दर्शकों का ध्यानाकर्षण समय भले ही कम हो गया हो, लेकिन यदि सामग्री प्रभावशाली हो तो वह लंबे समय तक दर्शकों को बांधे रख सकती है।

### सिनेमा को केवल मनोरंजन के रूप में देखना पर्याप्त नहीं


आईटीएम के वाइस चांसलर प्रो. डॉ. योगेश उपाध्याय ने कहा कि सिनेमा को केवल मनोरंजन के रूप में देखना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसे हर दृष्टिकोण से समझना आवश्यक है। उन्होंने ओटीटी प्लेटफॉर्म्स और डॉक्यूमेंट्री निर्माण की जटिलताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इन माध्यमों में गहन अध्ययन और विश्लेषण की आवश्यकता होती है। उन्होंने फि ल्म समीक्षकों के लिए संज्ञानात्मक सोच और निष्पक्ष दृष्टिकोण को अनिवार्य बताया और छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया कि वे अपने विचारों को तार्किक और संतुलित तरीके से प्रस्तुत करें।

# फायरिंग करने वाला शातिर आरोपी गिरफ्तार देशी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 3 अप्रैल।** ट्रैक्टर सवार युवकों पर फायरिंग करने वाले एक फरार आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी के पास से वारदात में इस्तेमाल हथियार भी बरामद किया गया है। बीती 8 मार्च को फरियादी राहुल यशपाल अपने दोस्त के साथ ट्रैक्टर लेकर ग्राम हथनौरा से गणेशपुरा रोड की ओर जा रहे थे। तभी नदी के पास सरसों के खेत से मुंह बांधकर आए कुछ अज्ञात बदमाशों ने उन पर फायरिंग कर दी थी।

पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी। थाना प्रभारी गिजोर्रा उप निरीक्षक उपेन्द्र सिंह धाकड़ की टीम लगातार आरोपियों की तलाश कर रही थी। 2 अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिली कि वारदात में शामिल संदेही बीरू बघेल 'मोदी बाबा मंदिर' के पास देखा गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और जंगल की तरफ भाग रहे आरोपी को दबोच लिया।

पकड़े गए आरोपी बीरू बघेल (23 वर्ष) ने पूछताछ में अपने साथी राहुल बघेल के साथ मिलकर फायरिंग करना स्वीकार किया। आरोपी की निशानदेही पर अटा बाबा मंदिर के पास एक पुराने ढाबे से 315 बोर का देशी कट्टा और एक जिंदा राउंड बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी बीरू बघेल एक शातिर अपराधी है। उसके खिलाफ थाना गिजोर्रा में पूर्व से ही कई मामले दर्ज हैं। पुलिस अब उसके फरार साथी की तलाश कर रही है।




## ऊर्जा मंत्री बस्तियों में भ्रमण कर जानेंगे जनसमस्याएं


**ग्वालियर 3 अप्रैल।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर 04 अप्रैल को सुबह 9 बजे ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न बस्तियों में भ्रमण करेंगे। श्री तोमर शहर के वार्ड क्र.-4 में स्थित मोहिते गार्डन से भ्रमण प्रारंभ कर वार्ड क्रमांक-3 में स्थित शांति मैरिज गार्डन पुलिस चौकी तक की बस्तियों में पहुँचेंगे। ऊर्जा मंत्री तोमर इस दौरान आमजनों से रूबरू होंगे एवं उनकी समस्याओं को सुनेंगे। साथ ही संबंधित अधिकारियों के माध्यम से समस्याओं का निराकरण भी करायेंगे।

# सूने मकान में चोरी करने वाले तीन शातिर चोर गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 3 अप्रैल।** एक सूने मकान में चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चांदी के जेवर, नकदी और घटना में प्रयुक्त ऑटो जब्त किया है। फरियादी चंद्रप्रकाश शर्मा (निवासी बारह बीघा, सिकंदर कम्पू) अपने परिवार के साथ पैतृक गांव लहार (भिंड) गए हुए थे। इसी दौरान





अज्ञात चोरों ने उनके सूने मकान का ताला तोड़कर अलमारी में रखे चांदी के पायजेब, बच्चे का चांदी का कड़ा, मोबाइल फोन, आधार कार्ड और नकदी पार कर दी थी। पड़ोसी की सूचना पर जब पीड़ित वापस लौटा, तो घर का सामान अस्त-व्यस्त मिला, जिसके बाद थाना माधौगंज में मामला दर्ज कराया गया। थाना प्रभारी माधौगंज दिव्या तिवारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। विवेचना के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ संदेही शाखा मैदान (आपागंज) में एक बिना नंबर के ऑटो में बैठे हैं। पुलिस टीम ने तुरंत दबिश देकर तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान रामू आदिवासी (25), शिवम वंशकार (18) और सरताज खान (19) के रूप में हुई है। कड़ी पूछताछ में तीनों ने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर एक जोड़ी चांदी की पायजेब (बच्चों की) एक चांदी का बच्चे का कड़ा, 1 हजार रुपये नगद और एक पर्स, फरियादी का आधार कार्ड और एक मोबाइल फोन, घटना में इस्तेमाल पेचकश, लोहे का पाना और बिना नंबर के ऑटो को बरामद किया है। पुलिस अब आरोपियों से क्षेत्र में हुई अन्य चोरी की वारदातों के संबंध में भी विस्तृत पूछताछ कर रही है।

